Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
https://msdsuonline.in

महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

प्रेषक,

कुलसचिव,
महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय,
आजमगढ़।

पत्रांक : म.सु.वि.वि. / सम्बद्धता / 2024 / 1584
दिनांक : 08/10/2024

सेवा में,

प्रबन्धक,
ब्रम्हर्षि श्री रामकृष्ण उर्मिला महिला महाविद्यालय,
रामनगर, खालिसा, मऊ।

विषय– स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य पद पर चयनित अभ्यर्थी के अनुमोदन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने दिनाँक–07-08-2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, इस सन्दर्भ में सूचित करना है कि चयन समिति द्वारा की गई संस्तुति एवं आप द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखों के आधार पर, विचारोपरान्त मा0कुलपति जी के आदेश दिनांक–15.12.2023 के अनुपालन में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर प्राचार्य पद पर चयनित अभ्यर्थी के अनुमोदन की अनुमति इस शर्त के साथ प्रदान की है कि अनुमोदन **नेट/पी–एच0डी0 सहित सभी शैक्षिक प्रमाण–पत्रों के सत्यापन के अधीन होगा तथा इनके अंक–पत्रों/प्रमाण–पत्रों का सत्यापन नियोक्ता अपने स्तर से भी कराकर अभिलेख अपने पास सुरक्षित रखें।** महाविद्यालय द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों में यदि कोई तथ्यात्मक त्रुटि पायी गई तो उसके लिए महाविद्यालय प्रशासन जिम्मेदार होगा तथा निम्न चयनित अभ्यर्थी अन्य महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में कार्यरत/अनुमोदित पाये गये तो उनका अनुमोदन स्वतः निरस्त समझा जाएगा।

नाम	पिता/पति का नाम	जन्म तिथि	शैक्षिक योग्यता	पद
डॉ0 धर्मेन्द्र शुक्ला	**श्री जनार्दन प्रसाद शुक्ला**	**25.01.1979**	**एम0एड0,पी–एच0डी0**	**प्राचार्य**

आधार सं.–339888525686

अतः उपरोक्त तथ्यों के आधार पर सुसंगत शासनादेशों दिनांक–**09 मई, 2000, 31 दिसम्बर–2010 एवं 25 नवम्बर, 2013** के आलोक में नियुक्ति पत्र निर्गत कर, नियुक्ति पत्र की प्रति एवं संविदा प्रपत्र अभ्यर्थी एवं प्रबन्धक के स्वहस्ताक्षरित पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित अभिलेख हेतु विश्वविद्यालय को उपलब्ध करायें तथा इसके साथ यह भी सूच्य है कि अनुबन्ध पत्र में उनको दिये जाने वाले वेतन आदि का स्पष्ट उल्लेख हो, वेतन एकाउन्टपेयी चेक/आर0टी0जी0एस0/एन0इ0एफ0टी0 द्वारा ही भुगतान किया जाय तथा प्राचार्य/प्रवक्ता के लिए अंशदायी भविष्य निधि (कान्ट्रीब्यूटरी प्राविडेण्ट फण्ड) अनिवार्य रूप से लागू किया जाय। उक्त अनुमोदन/विस्तरण, नेट/पी–एच0डी0 प्रमाण–पत्र सत्यापन के अधीन किया जाता है।

भवदीय

8.10.24
कुलसचिव